हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 22 अगस्त 2024, समय 1305 (5 मिनट)

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने आयकर विभाग से करदाताओं को भेजे जाने वाले नोटिस की भाषा को सरल और स्पष्ट बनाने का आह्वान किया है, जिससे करदाताओं में डर की भावना पैदा न हो। नई दिल्ली में आयकर के 165वें वर्ष के कार्यक्रम में वित्त मंत्री ने कहा कि आयकर नोटिस या पत्र की भाषा सरल होनी चाहिए, जिससे सामान्य करदाता इसे आसानी से समझ सके। श्रीमती सीतारामन ने भेजे गए नोटिस के कारण का स्पष्टीकरण शामिल करने की आवश्यकता पर भी बल दिया। श्रीमती सीतारामन ने कहा कि आयकर विभाग को अपनी शक्तियों का विवेकपूर्ण उपयोग करना चाहिए ताकि व्यवसायों को परेशानी न हो। वित्त मंत्री ने यह भी कहा कि 72 प्रतिशत करदाता पुरानी व्यवस्था से नई कर व्यवस्था में आए हैं। उन्होंने कहा कि नए करदाताओं की संख्या बढ़ी है और कर दायरा भी बढ़ रहा है।

....

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि एसलॉन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी शिक्षा में उत्कृष्टता के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता के साथ-साथ सीखने, नवाचार और समग्र विकास का एक प्रतीक है। यह केवल एक शैक्षणिक संस्थान नहीं है। यह आध्यात्मिक समुदाय 'द लास्ट सेंटर' की एक प्रबुद्ध समाज के निर्माण की प्रतिबद्धता का एक जीवंत प्रमाण है।हरियाणा के राज्यपाल कल फरीदाबाद स्थित एसलॉन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी द्वारा आयोजित दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संभोधित कर रहे थे ।उन्होंने कहा कि छात्रों को सिर्फ नौकरी प्राप्त करने के लिए नहीं बल्कि अपने जीवन को सार्थक बनाने के लिए ज्ञान अर्जित करना चाहिए। जब वह इस राह पर अपने कदम आगे बढ़ाएंगे तब वे नौकरी लेने वाले नहीं बल्कि नौकरी देने वाले बनेंगे। राज्यपाल ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नैतिक मूल्यों और युवाओं को समाज में सकारात्मक योगदान देने की आवश्यकता पर भी बल दिया।राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने फरीदाबाद की लिंग्याज़ विद्यापीठ के ऑडिटोरियम रंगमंच का उद्घाटन भी किया।राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के साथ अन्य सांस्कृतिक, कला तथा खेल से जुड़ी गतिविधियों में भी भाग लेंने को कहा ।उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं शिक्षकों को ऑडिटोरियम के उद्घाटन पर बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी।इस दौरान अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया।

....

हरियाणा खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने कल राज्य की सभी खरीद संस्थाओं, हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड,कृषि एवं किसान कल्याण विभाग तथा भारतीय खाद्य निगम के प्रमुखों व राज्य के चावल मिल संगठनों के प्रधानों के साथ बैठक कर खरीफ की

फसलों की खरीद की तैयारियों का जायजा लिया ।बैठक के दौरान फसलों की खरीद से सम्बन्धित व्यवस्था जैसे लकडी की चौखट व बोरियों तथा भण्डारण क्षमता, परिवहन से सम्बन्धित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। चावल मिलों के प्रधानों को आश्वासन दिया गया कि उन्हें आगामी खरीफ खरीद सीजन में किसी भी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। श्रीमती मिश्रा ने बताया कि राज्य के किसानों द्वारा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के 'मेरी फसल मेरा ब्यौरा' पोर्टल पर उनकी फसलों के पंजीकरण उपरांत उनकी फसलों की खरीद व भुगतान से सम्बन्धित पूर्ण कार्य ऑनलाईन ई-खरीद पोर्टल के माध्यम से किया जायेगा।राज्य में केन्द्रीय पूल में 1 लाख 52 हजार टन तथा राज्य सरकार के पूल में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लिए 2 लाख 31 हजार टन कुल 3 लाख 83 हजार टन बाजरे तथा लगभग 60 लाख टन धान की खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।उन्होंने बताया कि राज्य में खरीफ खरीद सीजन 2024-25 के दौरान धान, के लिए 241 जरा के लिए 91 मक्का के लिए 19 मूंग के लिए 38 मूंगफली के लिए 7 तिल के लिए 27 अरहर के लिए 22 तथा उड़द के लिए 10 खरीद केन्द्र खोले गए हैं। किसानों की सुविधा के लिए हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड, पंचकूला के कार्यालय में हेल्पलाइन नंबर 1800-180-2600 स्थापित किया गया है।

....

....

भारतीय पहलवान रोनक दहिया ने कल जार्डन में अंडर-17 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में पुरुषों की एक सौ दस किलोग्राम भारवर्ग की ग्रीको-रोमन स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। दहिया ने निर्णायक पदक स्पर्धा में तुर्किये के पहलवान इमरुल्लाह कैपकन को 6-1 से हराया। पहलवान साईंनाथ परधी ने भी 51 किलोग्राम भारवर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया है। इसके साथ भारत पुरुषों के ग्रीको-रोमन श्रेणी में दो पदक जीत चुका है।

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. संदीप पाठक ने कल शाम कुरुक्षेत्र में कुरुक्षेत्र व अंबाला लोकसभा के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग □ांडा भी मौजूद रहे। डॉ.संदीप पाठक ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हरियाणा में विधानसभा चुनाव के 30-40 दिन बचे हैं। आम आदमी पार्टी इन दिनों में अपने अभियान को और मजबूत करेगी। आने वाले दिनों में अरविंद केजरीवाल ने हरियाणा को जो गारंटियां दी थी उसका पंजीकरण किया जाएगा । उन्होंने कहा इसके अलावा अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली और पंजाब में जो काम किया है और पूरे देश में जो उनका विजन है वो जनता के सामने रखा जाएगा । मतदाता को इस बार बदलाव के लिए जागरूक किया जाएगा ।